एम.पी.पी.सी.एस. मुख्य परीक्षा-2020
निबंध लेखन (प्रश्न पत्र-VI)
MPPCS Mains Paper-2020
Essay Writing
(Question Paper-VI)

M-2020/VI

निबंध लेखन

ESSAY WRITING

छठा प्रश्न-पत्र

SIXTH PAPER

प्रश्नः 1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 1000 शब्दों में निबंध लिखिए। अभ्यर्थी जिस निबंध को लिख रहे हैं, उस विकल्प के शीर्षक का उल्लेख उत्तर के पूर्व अनिवार्यतः करें। प्रश्न 50 अंकों का है।

(1 × 50 = 50)

प्रश्नः (1.1) भारतीय संस्कृति के मूल आदर्श।

प्रश्नः (1.2) विज्ञान और विश्वशान्ति।

प्रश्नः (1.3) "स्वारथ लागि करहिं सब प्रीती"।

प्रश्नः (1.4) वाचिक साहित्य।

प्रश्नः 2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 500 शब्दों में निबंध लिखिए। अभ्यर्थी जिस निबंध को लिख रहे हैं, उस विकल्प के शीर्षक का उल्लेख उत्तर के पूर्व अनिवार्यतः करें। प्रश्न 25 अंकों का है।

(1 × 25 = 25)

प्रश्नः 2.1 ओ टी टी प्लेटफार्म : विनियमन बनाम अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता।

प्रश्नः 2.2 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम : चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ।

प्रश्नः 2.3 ग्लासगोजलवायु सम्मेलन।

प्रश्नः 2.4 यूक्रेन सङ्कट और विश्व व्यवस्था।

प्रश्नः 3 इस प्रश्न में प्रारूप लेखन के 02 उप-प्रश्न (3.1 एवं 3.2) हैं। प्रत्येक प्रारूप लेखन हेतु अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है। अभ्यर्थी जिस प्रारूप लेखन को लिख रहे हैं, उस विकल्प के शीर्षक का उल्लेख उत्तर के पूर्व अनिवार्यतः करें। प्रश्न 25 अंकों का है। **25 अंक**

प्रश्नः 3.1 स्वयं को अशोक दीक्षित, उप प्रबन्धक (हिन्दी) प्रधान कार्यालय, भोपाल मानते हुए आपको गृहपत्रिका से मिली जानकारी कि भारतीय साधारण बीमा निगम आँचलिक कार्यालय, इंदौर के राजभाषा अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा को डी. लिट्. की उपाधि प्राप्त हुई। उन्हें बधाई हेतु अर्द्धशासकीय पत्र लिखें।

अथवा

स्वयं को भारत सरकार के भारतीय खान ब्यूरो का उपनिदेशक (राजभाषा) मानते हुए, प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो मंडल कार्यालय, भोपाल को एक अनुस्मारक लिखिए जिसमें यह उल्लेख हो कि उन्होंने हिन्दी का प्रगामी प्रयोग विषयक तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।

प्रश्न: 3.2 अवैध निर्माण की तोड़ फोड़ के प्रति जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिये शहरी विकास मंत्रालय ने पाँच सदस्यों की एक समिति गठित की है। इस समिति का प्रतिवेदन लिखिए।

अथवा

श्री गोपेशकुमार, राजभाषा अधिकारी, गृहमन्त्रालय, नई दिल्ली के संबंध में प्राप्त गोपनीय आदेश के अनुसार आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त करने हेतु सचिव, सतर्कता विभाग द्वारा की गयी छान-बीन का प्रतिवेदन लिखिए।